# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 22-30 नवम्बर 2020





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 22-30 नवम्बर 2020

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **चौथे सप्ताह** (22-30) नवम्बर **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** किस जीवन बीमा कंपनी के पास जीवन बीमा पॉलिसी जारी करने हेतु एजेंटों के लिए एक डिजिटल एप्लीकेशन "ANANDA" है________**भारतीय जीवन बीमा निगम।**

**नोट:**

- डिजिटल एप्लिकेशन को "ANANDA" कहा जाता है, जो आत्मनिर्भर एजेंट्स न्यू बिजनेस डिजिटल एप्लीकेशन का संक्षिप्त नाम है।
- डिजिटल एप्लिकेशन, एजेंट या मध्यस्थ की मदद से पेपरलेस मॉड्यूल में जीवन बीमा पॉलिसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के लिए एक साधन है।

**2.** भारतीय रिजर्व बैंक ने तालमेल के आधार पर IDBI एसेट मैनेजमेंट कंपनी के अधिग्रहण हेतु किस NBFC के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया ________**मुथूट फाइनेंस।**

**नोट:**

- IDBI बैंक, जो नियमों के अनुपालन के लिए अपने म्यूचुअल फंड कारोबार को 215 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बना रहा था, को अब इसके लिए एक नया खरीदार ढूंढना होगा।
- IDBI बैंक, जो जीवन बीमा निगम की सहायक कंपनी है, को AMC में अपना हिस्सा छोड़ना होगा क्योंकि LIC में पहले से ही म्यूचुअल फंड यूनिट है।

**3.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अनाधिकृत ATM ऑपरेशन हेतु किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है_______**पंजाब नेशनल बैंक।**

**नोट:**

- RBI ने देखा है कि बैंक, RBI से पूर्व अनुमोदन/ अनुज्ञप्ति के बिना, अप्रैल, 2010 से ड्रक पीएनबी बैंक लिमिटेड, भूटान, (बैंक की अंतर्राष्ट्रीय सहायक कंपनी) के साथ एक द्विपक्षीय ATM साझा व्यवस्था संचालित कर रहा था।
- इस बीच, RBI ने एक बयान में कहा कि उसने प्रीपेड भुगतान उपकरणों को जारी करने और कार्य प्रणाली में संलग्न पांच पेमेंट सिस्टम ऑपरेटरों (PSO) के प्रमाण पत्र (CoA) को रद्द कर दिया है।

**4.** किस बैंक ने एक दीर्घकालिक सहयोग तंत्र को स्थापित करने और पर्यावरण, सामाजिक, और कंपनी नियंत्रण और ग्रीन फाइनेंस को बढ़ावा देने के लिए लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज (LuxSe) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ________**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- समझौता ज्ञापन SBI और LuxSE को एक दीर्घकालिक सहयोग तंत्र स्थापित करने, और ESG (पर्यावरण, सामाजिक और कंपनी नियंत्रण) और ग्रीन फाइनेंस को बढ़ावा देने में मदद करेगा।
- आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज ESG केंद्रित फंड और बांड के संदर्भ में जारीकर्ता, परिसंपत्ति प्रबंधकों और निवेशकों के लिए एक स्थायी वातावरण बनाने की दिशा में काम करेगा।

**5.** किस बैंक के साथ इन्वेंटिव प्रेन्योर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ICCI) ने लघु एवं मध्यम आकार के एंटरप्राइजेज (SME) और स्टार्ट-अप का समर्थन करने के लिए एक MoU हस्ताक्षर किया है________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- इस संघ के माध्यम से ICCI एचडीएफसी बैंक से/के लिए वित्तीय और अन्य सुविधाओं हेतु विभिन्न स्टार्टअप / SME / MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को आकर्षित, नामांकित और समर्थित करता है।
- एचडीएफसी बैंक स्टार्टअप को बैंक खातों की पेशकश कर सकता है जो 'इन्वेंटिव प्रेन्योर' द्वारा समर्थित हैं।
- यह ICCI अनुशंसित व्यवसायों को महत्वपूर्ण व्यावसायिक सहायता कार्य जैसे साझा कार्यस्थान, डिजिटल मार्केटिंग, वेब सेवाएं, पेटेंट फाइलिंग, कंटेंट राइटिंग, कर, और कानूनी सलाहकार प्रदान करेगा।

**6.** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) लॉन्च करने के लिए पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ किस भुगतान बैंक ने सहयोग किया है________**इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB)।**

**नोट:**

- यह योजना किसी भी कारण से बीमित सदस्य की मृत्यु पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा प्रदान करती है। यह IPPB के साथ सभी बचत खाता धारकों के लिए वैकल्पिक है।
- यह योजना 2015 में शुरू की गई थी। यह एक कम लागत वाली बीमा योजना है, जो कि अछूते और असेवित लोगों के बड़े हिस्से को वित्तीय मुख्यधारा में लाने का प्रयास करती है।

**7.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित पी.के. मोहंती समिति ने निजी क्षेत्र के बैंकों में प्रमोटर शेयरहोल्डिंग पर सीमा को चुकता इक्विटी पूंजी के कितने प्रतिशत तक बढ़ाने की सिफारिश की है ________**26 प्रतिशत।**

**नोट:**

- समिति ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम में आवश्यक संशोधन के बाद बड़े कॉरपोरेट्स को बैंकों को बढ़ावा देने की अनुमति दी जा सकती है।
- पी.के. मोहंती के नेतृत्व वाली समिति ने भुगतान बैंकों को एक लघु वित्त बैंक में परिवर्तित करने का भी प्रस्ताव दिया है। इसके लिए भुगतान बैंक के रूप में 3 वर्ष के अनुभव का ट्रैक रिकॉर्ड पर्याप्त माना जा सकता है।

**8.** भारतीय रिजर्व बैंक ने किस शहरी सहकारी बैंक से निकासी पर छह महीने के लिए प्रतिबंध लगाया________**मंथा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक।**

**नोट:**

- RBI ने एक विज्ञप्ति में कहा, उसने 17 नवंबर, 2020 को कारोबार बंद करने के लिए, मंथा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, मंथा जिला जालना महाराष्ट्र को कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
- निर्देशों के अनुसार, बैंक लिखित रूप से RBI की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी प्रकार के ऋण और अग्रिम का अनुदान या नवीकरण नहीं करेगा, कोई भी निवेश नहीं करेगा, कोई भी देयता अपने ऊपर नहीं लेगा, जिसमें



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

धनराशि की निकासी और नए जमा की स्वीकृति, किसी भी भुगतान के संवितरण या संवितरण की सहमति शामिल है।

**9.** लक्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज ने मर्सिडीज-बेंज खरीदने पर आकर्षक वित्तीय लाभ देने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी की है________**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- यह सहयोग मर्सिडीज-बेंज को SBI के HNI ग्राहक आधार के अद्‌वितीय बाजार में अद्‌वितीय पैठ प्रदान करेगा, जबकि बैंक के ग्राहक मर्सिडीज-बेंज जैसे शानदार लक्जरी ब्रांड की बुकिंग करते समय विशेष लाभ प्राप्त करेंगे।
- यह साझेदारी उन योनो ग्राहकों के लिए विशेष रूप से 25,000 रुपये के अतिरिक्त लाभ के साथ आकर्षक ब्याज दर सहित अनेक वित्तीय लाभों की गारंटी देता है, जो SBI के डिजिटल प्लेटफॉर्म YONO पर प्रदर्शित अपने आइकन के माध्यम से मर्सिडीज-बेंज वाहन बुक करते हैं।

**10.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस बैंक के साथ संकटग्रस्त लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड (LVB) के विलय को मंजूरी दे दी है ______**DBS बैंक इंडिया।**

**नोट:**

- विलय 27 नवंबर को प्रभावी होगा, जब LVB जमाकर्ताओं द्‌वारा निकासी पर रोक हटा दी जाएगी।
- LVB का विलय नियत तारीख से DBIL के साथ किया जाएगा, और इसके साथ जमाकर्ताओं पर अपनी जमा राशि की निकासी पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

**11.** "एफडीआई इन इंडिया: नाउ, नेक्स्ट एंड बियॉन्ड" रिपोर्ट अन्र्स्ट एंड यंग ग्लोबल लिमिटेड (EY) के साथ किस संगठन द्‌वारा तैयार की गई है, जिसके अनुसार भारत वर्ष 2025 तक 120-160 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) कर सकता है ________ **भारतीय उद्‌योग परिसंघ (CII)।**

**नोट:**

- यह FDI को वर्तमान 2% से कम के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अनुपात को 3-4% के बीच बढ़ाने की शर्त पर है।
- उल्लेखनीय रूप से, पिछले 10 वर्षों में भारत की GDP में 6.8% की वृद्‌धि हुई और FDI से GDP 1.8% हो गई।
- यदि निवेश आता है तो भारत की GDP वृद्‌धि 7-8% तक बढ़ सकती है।
- निवेशकों ने भारत को निवेश आकर्षित करने के मामले में तीसरे स्थान पर रखा है और उनमें से 80% ने अगले दो से तीन वर्षों में भारत में निवेश की योजना बनाई है। उनमें से 25% निवेश का मूल्य 500 मिलियन डॉलर से अधिक है।

**12.** मुथूट फाइनेंस ने किस कंपनी के साथ साझेदारी में 'गोल्ड शील्ड' नामक एक स्वर्ण आभूषण बीमा योजना शुरू की ________ **बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- 'मुथूट गोल्ड शील्ड' नामक नया उत्पाद मुथूट फाइनेंस द्‌वारा अपने ग्राहकों के लिए शुरू की गई स्वर्ण आभूषण बीमा योजना है।
- पॉलिसी व्यक्तिगत ग्राहकों के स्वर्ण आभूषणों के लिए बीमा कवरेज प्रदान करती है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह उत्पाद विशेष रूप से गोल्ड लोन के संवरण और सोने के आभूषणों को जारी करते समय कंपनी के ग्राहकों के लिए सोने के आभूषणों पर बीमा कवरेज प्रदान करने हेतु शुरू किया गया है।

**13.** किस बैंक ने POS टर्मिनलों पर एक SMS Pay सुविधा शुरू की है, जो व्यापारियों को ग्राहकों से संपर्क रहित भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाती है_______**यस बैंक।**

**नोट:**

- यह सुविधा फ्रेंच भुगतान सेवा कंपनी वर्ल्डलाइन के सहयोग से शुरू की गई थी।
- स्थानीय व्यापारी और डिपार्टमेंट स्टोर अपने संपर्क विवरण दर्ज करके ग्राहकों से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।
- जनरेट किए गए लिंक के साथ एक एसएमएस जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से क्रेडिट और डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान संसाधित किया जा सकता है।

**14.** वीजा के साथ साझेदारी में किस फिनटेक कंपनी के पास कॉर्पोरेट कार्ड है, जो कोविड-19-प्रभावित स्टार्टअप और SME को राहत प्रदान करेगा और वित्तीय परिचालन को स्थिर करेगा_______**रेजरपे।**

**नोट:**

- नया कार्ड संस्थापकों को बिना किसी व्यक्तिगत जोखिमों और देयता के साथ कार्यशील पूंजीगत खर्चों को मुक्त करने और ब्याज-मुक्त क्रेडिट की 45 दिनों तक की पुनर्भुगतान अवधि में सक्षम बनाएंगे।
- इनका उपयोग ऑनलाइन भुगतान करने के साथ-साथ पारंपरिक स्टोरों में PoS पर खरीदारी करने के लिए किया जा सकता है।

**15.** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Mospi) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की GDP सितंबर 2020 को समाप्त होने वाली तिमाही में कितने प्रतिशत कम हुई_______**7.5%।**

**नोट:**

- कोरोना वायरस महामारी, जिसने देश भर में व्यवसायों और आजीविका को प्रभावित किया है, के बीच अप्रैल-जून की तिमाही में भारत की GDP में 23.9% की गिरावट आई है।
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के आंतरिक मॉडल ने सितंबर तिमाही में 8.6% GDP संकुचन की उम्मीद लगाई थी।

## श्रद्धांजलियां

**1.** अनुभवी राजनीतिज्ञ तरुण गोगोई का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे_______**असम।**

**नोट:**

- गोगोई में अगस्त 2020 में कोविड-19 की पुष्टि हुई थी।
- तरुण गोगोई ने 2001 से 2015 के बीच असम के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह कांग्रेस पार्टी के सदस्य थे।
- अभी तक वह असम के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री थे।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति अहमद पटेल का हाल ही में निधन हो गया; वह एक अनुभवी थे_______**राजनीतिज्ञ।**

**नोट:**

- 71 वर्षीय पटेल कोविड -19 से संबंधित समस्याओं से पीड़ित थे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अहमद पटेल कांग्रेस में एक ऐसे शख्स थे, जो छोटे पदों पर रहकर, धीरे-धीरे सत्ता में आए और सतर्कतापूर्वक नेतृत्व के फैसलों को अंजाम दिया।

**3.** महान फुटबालर, डिएगो माराडोना का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के लिए खेले_______ **अर्जेंटीना।**

**नोट:**

- माराडोना ने 16 वर्ष की आयु में अर्जेंटीनोज़ जूनियर्स के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और वह फुटबॉल खेल खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बने।
- शीर्ष फुटबॉलर ने एक खिलाड़ी के रूप में बोका जूनियर्स, बार्सिलोना, नेपोली, सेविला और न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज का प्रतिनिधित्व किया।
- डिएगो को 1986 में अर्जेंटीना को अपना दूसरा विश्व कप खिताब दिलाने में मुख्य खिलाड़ी माना गया।

**4.** साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता शेख खाजा हुसैन किस भाषा के एक प्रसिद्ध कवि, पत्रकार, पटकथा लेखक थे जिनका हाल ही में निधन हो गया________ **तेलुगू।**

**नोट:**

- देवी प्रिया को उनकी पुस्तक गाली रंगू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2017 मिला। उदयम तेलुगु दैनिक पत्रिका में समकालीन राजनीति पर उनकी "रनिंग कमेंट्री" बहुत लोकप्रिय और विचारप्रेरक थी।
- बाद में, उन्होंने कुछ समाचार चैनलों के लिए भी रनिंग कमेंट्री की। वह अपने राजनीतिक व्यंग्य कार्टून और कविता के लिए जाने जाते हैं।

**5.** प्रसिद्ध व्यक्ति फ़कीर चंद कोहली का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_______ **उद्योगपति।**

**नोट:**

- एफ.सी. कोहली को वैश्विक टेक कंपनी टीसीएस के आरंभ के लिए जाना जाता है, जिससे भारत के आईटी उद्योग का बीज बोया है।
- आईटी क्षेत्र में कोहली का सफर तब शुरू हुआ जब वह वर्ष 1951 में टाटा इलेक्ट्रिक से जुड़े, जो अब टाटा पॉवर है।
- कोहली को देश में तकनीकी शिक्षा की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी जाना जाता है।

**6.** प्रसिद्ध व्यक्ति सादिक अल-महदी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के निर्वाचित प्रधान मंत्री थे ________ **सूडान।**

**नोट:**

- वह नेशनल उमा पार्टी के प्रमुख थे। उनका जन्म 25 दिसंबर, 1935 को अल-अबास्या, ओम्दूरमान, सूडान में हुआ था।
- सादिक अल-महदी ने दो बार प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की, पहले 1966-67 तक और दूसरा 1986 से 1989 सूडानी तख्तापलट तक, वह सैन्य तख्तापलट, जिसकी अध्यक्षता उमर अल-बशीर ने की।
- वह सूडान में एक सूफी धार्मिक आंदोलन अंसार या महदी के अनुयायियों के नेता थे, जिसके अनुयायी मुहम्मद अहमद के शिष्य हैं, जिन्होंने इस्लाम के मसीहाई रक्षक महदी होने का दावा किया।

**7.** प्रसिद्ध व्यक्ति जेम्स वोल्फेंसन का हाल की में निधन हो गया, वह किसके पूर्व अध्यक्ष थे_________ **विश्व बैंक।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने 10 वर्षों के लिए विश्व बैंक की सेवा की और वह अमेरिका में कई प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थानों जैसे कार्नेगी हॉल और कैनेडी सेंटर के मुख्य प्रेरक थे।
- वह ऑस्ट्रेलिया में जन्मे थे और उन्होंने ऋण प्रदान करने वाले वैश्विक विकास संगठन विश्व बैंक के प्रमुख का पदभार ग्रहण करने से पहले वॉल-स्ट्रीट के प्रमुख के रूप में काम किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्व भर में मनाया जाता है ________ **25 नवंबर।**

   **नोट:**
   - यह दिवस इस तथ्य के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है कि दुनिया भर में महिलाएं हिंसा के विभिन्न रूपों के अधीन हैं और इस मुद्दे की वास्तविक प्रकृति अक्सर छिपी होती है।
   - महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के लिए इस वर्ष का विषय "ऑरेंज द वर्ल्ड: फंड, रिस्पॉन्ड, प्रिवेंट, कलेक्ट!" है।
2. भारत में संविधान के अंगीकरण के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विधि दिवस किस तारीख को मनाया जाता है________**26 नवंबर।**

   **नोट:**
   - 26 नवंबर 1949 को, भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।
   - भारत सरकार ने 19 नवंबर 2015 को राजपत्र अधिसूचना द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया।
   - भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2015 को मुंबई में बी.आर. अम्बेडकर की स्टैचू ऑफ इक्वलिटी स्मारक की आधारशिला रखते हुए इसकी घोषणा की थी।
3. भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है _________ **26 नवंबर।**

   **नोट:**
   - यह दिवस राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB), भारतीय डेयरी संघ (IDA) समेत 22 राज्य स्तरीय दुग्ध संघों के साथ देश के सभी डेयरी कंपनियों द्वारा निर्धारित किया गया था।
4. फिलिस्तीनी लोगों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _________**29 नवंबर।**

   **नोट:**
   - यह दिवस 1947 में फिलिस्तीन के विभाजन प्रस्ताव को अपनाने का प्रतीक है और संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1977 में फिलिस्तीनी लोगों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस के रूप से अपनाया गया था।
   - फिलिस्तीन: इसे संयुक्त राष्ट्र और अन्य संस्थाओं द्वारा आधिकारिक तौर पर स्टेट ऑफ फिलिस्तीन के रूप में मान्यता प्राप्त है। फिलिस्तीन एक संप्रभु राष्ट्र है जिसका प्रशासनिक केंद्र पश्चिमी एशिया में रामल्लाह में स्थित है।
   - यह कोविड-19 के कारण 1 दिसंबर 2020 को विशेष बैठकों के साथ मनाया जाएगा।
5. रासायनिक युद्ध के पीड़ितों का संयुक्त राष्ट्र समृति दिवस हर वर्ष मनाया जाता है__________**30 नवंबर।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- यह स्मरण दिवस रासायनिक युद्ध के पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर प्रदान करता है, इसके साथ ही रासायनिक हथियारों के खतरे के उन्मूलन हेतु रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और शांति, सुरक्षा एवं बहुपक्षवाद के लक्ष्यों को बढ़ावा देता है।

## नई नियुक्तियां

1. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के नए अध्यक्ष ग्रेग बार्कले किस देश से हैं_____ **न्यूजीलैंड।**

   **नोट:**
   - बार्कले भारत के शशांक मनोहर के उत्तराधिकारी बने जिन्होंने जुलाई 2020 में पद छोड़ा और वह इमरान ख्वाजा की जगह लेंगे, जो वर्तमान में अंतरिम अध्यक्ष हैं।
   - वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बोर्ड में NZC के प्रतिनिधि के रूप में सेवारत थे और उन्होंने ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 के निदेशक के रूप में भी काम किया था।
2. भारतीय थलसेना का नया इंजीनियर-इन-चीफ किसे नियुक्त किया गया _______ **लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह।**

   **नोट:**
   - वह वर्तमान में सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक हैं और 1 दिसंबर को अपना पद ग्रहण करेंगे।
   - राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह को 24 दिसंबर 1982 को कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स में नियुक्त किया गया था।
   - बाद में उन्होंने जम्मू और कश्मीर घाटी में एक सीमा सड़क, टास्क फोर्स की कमान संभाली।
3. अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट की निदेशक किन्हें नियुक्त किया जा रहा है_______ **नीरा टंडन।**

   **नोट:**
   - यह प्रशासन के बजट प्रबंधन हेतु उत्तरदायी व्हाइट हाउस के अंदर एक शीर्ष पद है।
   - टंडन (50 वर्षीय) व्हाइट हाउस में प्रभावशाली ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट संभालने वाली पहली महिला होंगी।
   - टंडन वर्तमान में लेफ्ट-लीनिंग सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस की मुख्य कार्यकारी हैं।
4. भारतीय थलसेना के अगले इंजीनियर-इन-चीफ के रूप में किसे नियुक्त किया गया ______**लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह।**

   **नोट:**
   - वह 1 दिसंबर को पदस्थ लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. श्रीवास्तव से पदभार ग्रहण करेंगे।
   - वर्तमान में, लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह सीमा सड़क संगठन (BRO) महानिदेशक पद पर तैनात हैं।
   - मेजर जनरल राजीव चौधरी, जो पहले दक्षिणी कमांड के चीफ इंजीनियर के रूप में काम कर चुके हैं, BRO की बागडोर संभालेंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने किस मोबाइल एप्लीकेशन का अंतर्राष्ट्रीय संस्करण लॉन्च किया ______**UMANG।**

**नोट:**

- UMANG नए समय के प्रशासन के लिए एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन है।
- इसे यूके, यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नीदरलैंड, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और न्यूजीलैंड में लॉन्च किया गया था।
- अंतर्राष्ट्रीय संस्करण UMANG के तीन वर्ष पूरे होने पर लॉन्च किया गया था।

**2.** तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुदुचेरी के तटीय क्षेत्रों से हाल ही में टकराए चक्रवात का नाम क्या है______ **निवार।**

**नोट:**

- यह तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों से टकराएगा।
- राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में चक्रवात की स्थिति की समीक्षा की।
- समिति प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा स्थापित की गई थी।

**3.** बेंगलुरु टेक समिट (BTS) के 23वें संस्करण का विषय क्या है _______ **नेक्स्ट इज़ नाउ।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन महामारी के कारण पूरी तरह से वर्चुअल प्लेटफॉर्म में आयोजित किया जा रहा है।
- BTS 2020 का विषय 'नेक्स्ट इज़ नाउ' है।
- BTS 2020 शिखर सम्मेलन 'सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स' और 'जैव प्रौद्योगिकी' के क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों और नवाचारों पर केंद्रित है।

**4.** ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी रैंकिंग एंड सर्वे (GEURS) 2020 के अनुसार, किस भारतीय संस्थान को अपने छात्रों के रोजगार के मामले में सर्वश्रेष्ठ संस्थान का स्थान दिया गया है______**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली।**

**नोट:**

- GEURS 2020 को टाइम्स हायर एजुकेशन और फ्रेंच HR कंसल्टेंसी ग्रुप 'इमर्जिंग' द्वारा जारी किया गया था।
- विश्व स्तर पर, भारत को रोजगार क्षमता में 15 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले देशों में जगह दी गई है, जो इसकी वर्ष 2010 की 23वीं रैंक से बेहतर है।

**5.** खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हाल ही में किस राज्य में एक मेगा फूड पार्क (MFP) का उद्घाटन किया_______**पंजाब।**

**नोट:**

- यह MFP 107.83 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर बना है और 55 एकड़ भूमि पर फैला है, इससे लगभग 25000 किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- अब तक, 37 MFP स्वीकृत किए गए हैं और 20 ने काम करना शुरू भी कर दिया है।

**6.** भारत में अल्ट्राहाई स्पीड यात्रा के लिए वर्जिन हाइपरलूप प्रौद्योगिकी की तकनीकी और वाणिज्यिक व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए नीति आयोग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता कौन करेगा_________**वी.के. सारस्वत।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- वर्जिन हाइपरलूप का परीक्षण अमेरिका के लास वेगास में 500 मीटर के ट्रैक पर एक हाइपरलूप व्हीकल 'पॉड' के साथ किया गया था, जिसमें एक बंद ट्यूब में एक भारतीय सहित यात्री सवार थे, और पॉड की गति 100 मील प्रति घंटे या 161 किमी प्रति घंटे से अधिक थी।

**7.** दो दिवसीय '80वीं ऑल इंडिया प्रेसीडिंग ऑफीसर्स कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किस स्थान पर किया गया जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था और समापन सत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया गया ________**केवड़िया, गुजरात।**

**नोट:**

- दो दिवसीय सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में आयोजित किया गया था।
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सम्मेलन का उद्घाटन किया जिसमें उप-राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, राज्य के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित अन्य लोग शामिल होते हैं। अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन के अध्यक्ष भी हैं।

**8.** तीसरी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (RE-INVEST 2020) का उद्घाटन किसने किया _______ **नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- तीन दिवसीय वर्चुअल सम्मेलन के दौरान, सभी प्रमुख कंपनियों ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपने नवीनतम तकनीकी विकास प्रदर्शित किए और ऊर्जा संक्रमण के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की।
- कई वैश्विक नेताओं, 75 देशों के ऊर्जा मंत्रियों और 200 प्रख्यात वक्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन का आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
- RE-Invest 2020 का विषय 'इनोवेशंस फॉर सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन' है।

**9.** भारतीय रेलवे ने 'इंटीग्रेटेड कोल-फ्रेट ऑप्टिमाइज़ेशन मॉडल' पर अध्ययन के लिए किस बिजनेस स्कूल के साथ साझेदारी की है, जिससे भारतीय रेलवे पर नेटवर्क प्रवाह क्षमता बढ़ाया जा सके और माल परिवहन को अनुकूलित किया जा सके _______**इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद।**

**नोट:**

- इस संबंध में, शिव प्रसाद, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे (SCR) और मिलिंद सोहोनी, डिप्टी डीन, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के बीच लेटर ऑफ एग्रीमेंट (LoA) का आदान-प्रदान हुआ।
- यह आदान-प्रदान SCR के महाप्रबंधक गजानन माल्या और रेल निलयम, हैदराबाद में भारतीय रेल के दक्षिण मध्य रेलवे जोन के क्षेत्रीय मुख्यालय में रेलवे और ISB के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

**10.** FICCI की महिला शाखा FLO ने उद्यमियों को सलाह देने के लिए किस IIM और इनक्यूबेशन एंड एंटरप्राइज सपोर्ट सेंटर (IESC) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_______ **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM) शिलांग।**

**नोट:**

- इस समझौता ज्ञापन (MoU) के तहत, FICCI FLO, IESC और IIM शिलांग संयुक्त रूप से व्यवसाय आरंभ के शुरुआती और महत्वपूर्ण चरणों के दौरान एक पोषण, शिक्षाप्रद और सहायक वातावरण की सुविधा देकर उद्यमियों



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

को मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करेंगे, इस प्रकार उन्हें प्रारंभिक स्टार्टअप लागत कम करने और कम समय सीमा में स्वयं को स्थापित करने में सक्षम बनाता है।

**11.** तीसरी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (RE-INVEST 2020) का विषय ______ **इनोवेशंस फॉर सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन।**

**नोट:**

- तीन दिवसीय वर्चुअल सम्मेलन के दौरान, सभी प्रमुख कंपनियों ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपने नवीनतम तकनीकी विकास प्रदर्शित किए और ऊर्जा संक्रमण के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की।
- कई वैश्विक नेताओं, 75 देशों के ऊर्जा मंत्रियों और 200 प्रख्यात वक्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन का आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
- RE-Invest 2020 का विषय 'इनोवेशंस फॉर सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन' है।

**12.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल मंच पर किस विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 100 रुपये के स्मारक सिक्के का अनावरण किया________**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**नोट:**

- उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में इंडिया पोस्ट द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट और उसका कवर भी जारी किया।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जो लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य भी हैं, ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**13.** केंद्रीय शिक्षा मंत्री, रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने 'एम्पॉवरिंग थ्रू जीरो (शून्य से सशक्तिकरण)' पर वर्चुअल राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की, इस सम्मेलन का आयोजन किस NGO ने किया______ **श्री अरबिंदो सोसायटी।**

**नोट:**

- इसका आयोजन श्री अरबिंदो सोसायटी द्वारा किया गया था।
- रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कोविड-19 महामारी के दौरान 40 से अधिक शिक्षा अधिकारियों और 26 शिक्षकों को क्रमशः उनकी नेतृत्वकारी भूमिका और नवीन कार्यप्रणालियों के लिए सम्मानित किया।
- उन्होंने एक ई-बुक 'इनोवेशन एंड लीडरशिप केसबुक - कोविड एडीशन' विमोचित की। इसमें शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों के अभिनव प्रयास और कार्य दिए गए हैं।

**14.** शहद उत्पादन के लिए 5 राज्यों में हनी फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (FPO) कार्यक्रम का उद्घाटन किसने किया ________ **नरेंद्र सिंह तोमर।**

**नोट:**

- उद्देश्य: मधुमक्खी पालन उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान खींचना और देश में किसान की आय में वृद्धि करके शहद उत्पादन को बढ़ावा देना।
- इन 5 FPO को नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED) द्वारा स्थापित किया जाएगा।
- इसकी स्थापना पूर्वी चंपारण (बिहार), मुरैना (मध्य प्रदेश), भरतपुर (राजस्थान), मथुरा (उत्तर प्रदेश) और सुंदरबन (पश्चिम बंगाल) में की जाएगी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**15.** इंडिया क्लाइमेट चेंज नॉलेज पोर्टल किसने लॉन्च किया________ **प्रकाश जावड़ेकर।**

**नोट:**

- इस पोर्टल में जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकार द्वारा उठाए जा रहे सभी प्रमुख कदम होंगे।
- यह एकल सूचना संसाधन होगा जो इन पहलों की स्थिति तक उपयोगकर्ताओं की पहुंच सक्षम बनाने हेतु विभिन्न मंत्रालयों की जलवायु पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

**16.** भारत सरकार ने कहां पर 1100 करोड़ रुपये की सोंग डैम पेयजल परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है___________**देहरादून।**

**नोट:**

- यह योजना देहरादून शहर को 24 घंटे पेयजल प्रदान करेगी और रिस्पना नदी को पुनर्जन्म देगी।
- यह हमारी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है।
- मूल रूप से सोंग नदी पर बनाया गया यह बांध लगभग 148 मीटर ऊंचा है और इसका उद्देश्य छह मेगावाट तक बिजली उत्पन्न करना है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव हर वर्ष किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश द्वारा आयोजित किया जाता है, जो इस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दिया गया_________**मेघालय।**

**नोट:**

- यह भारत में आयोजित होने वाला एकमात्र चेरी महोत्सव है।
- भारत अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव का आयोजन हर वर्ष मेघालय सरकार द्वारा किया जाता है।

**2.** भारत के पहले मॉस गार्डन का उद्घाटन किस राज्य में किया गया_______ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- विभिन्न प्रजातियों की काई के संरक्षण के उद्देश्य से गार्डन की स्थापना की गई है।
- यह पर्यावरण में मॉस के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को भी पूरा करेगा।

**3.** पूर्वोत्तर के पहले गाय अस्पताल का उद्घाटन किस राज्य में किया गया_______**असम।**

**नोट:**

- गोपाष्टमी के अवसर पर असम के डिब्रूगढ़ में एक गाय पनाहगाह ने पूर्वोत्तर के पहले गाय अस्पताल का उद्घाटन किया।
- अस्पताल 'सुरभि आरोग्यशाला' की स्थापना 17 लाख रुपये की लागत से श्री गोपाल गौशाला द्वारा स्थापित किया गया है। अस्पताल 30 किमी के दायरे में सेवाएं प्रदान करेगा। पनाहगाह में 368 गायें हैं।

**4.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में हर घर को नल का पानी उपलब्ध कराने के लिए 'हर घर नल योजना' शुरू की________**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सरकार पानी की कमी की समस्या को हल करने के लिए प्रतिबद्ध थी और इसलिए राज्य में 5,555 करोड़ रुपये की योजना शुरू की गई।
- इस योजना से मिर्जापुर में 21,87,980 ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। सोनभद्र में योजना से 19,53,458 परिवार लाभान्वित होंगे। योजना के तहत 3212.18 करोड़ रुपये और 2343.20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना की कुल लागत 5555.38 करोड़ रुपये है।

**5.** किस राज्य ने वर्ष 2025 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का जैव प्रौद्योगिकी बाजार बनने का लक्ष्य रखा है________ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- सरकार ने बेंगलुरु टेक समिट में जैव-अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2020 का अपना पहला प्रारूप जारी किया, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए उपलब्धियां और लक्ष्य निर्धारण दिए गए हैं।
- रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पिछले दो वर्षों में समान रूप से 14-17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और राज्य 221.82 बिलियन अमरीकी डालर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 10.3 प्रतिशत का योगदान देता है।

**6.** किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य रूपरेखा पर वास्तविक समय आंकड़े एकत्र करने के लिए 'हिम सुरक्षा अभियान' शुरू किया है__________ **हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज विभागों, जिला प्रशासन और गैर सरकारी संगठनों की लगभग 8000 टीमें इस अभियान में शामिल होंगी।
- यह लोगों के स्वास्थ्य मापदंडों का डोर-टू-डोर डेटा संग्रह सुनिश्चित करेगा।

**7.** विज्ञान प्रसार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (GoI) और किस राज्य की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव के 10वें संस्करण का आयोजन किया _________**त्रिपुरा।**

**नोट:**

- विज्ञान फिल्म महोत्सव भारत में विज्ञान फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए पेशेवरों, शौकिया और छात्रों फिल्म निर्माताओं द्वारा विभिन्न विषयों के तहत बनाई गई विज्ञान फिल्मों के प्रदर्शन हेतु एक अनूठा मंच प्रदान करता है।
- विभिन्न भाषाओं में कुल 372 फिल्में भागीदारी के लिए शामिल हुईं, जिनमें से 115 फिल्मों को महोत्सव के दौरान प्रदर्शित करने के लिए दस सदस्यीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है।
- ये फिल्में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मलयालम, कश्मीरी, बंगाली, मराठी, पंजाबी और तमिल भाषाओं में हैं।

**8.** किस राज्य सरकार ने "गवर्नमेंट एट डोरस्टेप" योजना शुरू की है________ **पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- गांधी जयंती तक संचालित करने के लिए 30 जनवरी को पहल लंबित कंपनियों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेगी।
- 1 दिसंबर से हर दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक, राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में सरकारी शिविर आयोजित किए जाएंगे जहां लोग आ सकते हैं और हर उस सेवा की मांग कर सकते हैं जो उन्हें अभी तक नहीं मिली है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. किस राज्य सरकार ने आम जनता को आवश्यकता पड़ने पर अग्नि और बचाव सेवाओं तक पहुंच का लाभ प्रदान करने के लिए एक मोबाइल फोन-आधारित एप्लिकेशन 'थी' (Thee) लॉन्च किया है________ **तमिलाडु।**

**नोट:**

- एप्लीकेशन को आग संबंधी दुर्घटनाओं, बाढ़, गहरे कुओं में दुर्घटना, वन्यजीवों का बचाव, रासायनिक या गैस रिसाव आदि की स्थिति में आम जनता की मदद के लिए डिजाइन किया गया है।
- ऐप का उपयोग करने के 10 सेकंड के भीतर लोगों की सहायता की व्यवस्था की गई है।

10. किस राज्य सरकार ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रस्तावित भागीदारी के लिए संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के साथ एक समझ पत्र (LoU) पर हस्ताक्षर किए हैं______**राजस्थान।**

**नोट:**

- हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के आधार पर, WFP अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी विभागों के साथ साझेदारी के लिए LoU पर हस्ताक्षर किए हैं।
- राजस्थान के नागरिक आपूर्ति विभाग ने संधारणीय विकास लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन (APEC) शिखर सम्मेलन हाल ही में किस देश द्वारा आयोजित किया गया था________**मलेशिया।**

**नोट:**

- इस शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भाग लिया।
- अगले APEC बैठक की मेजबानी न्यूजीलैंड द्वारा की जाएगी।
- शिखर सम्मेलन के दौरान APEC पुत्रजाया विजन 2040 को अपनाया गया। यह 2040 तक लचीले, शांतिपूर्ण एशिया प्रशांत समुदाय की कल्पना करना है।

2. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) की वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग (WCOL) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा शहर समूह दुनिया के सबसे महंगे शहरों के रूप में उभरा ________ **हांगकांग, पेरिस और ज्यूरिख।**

**नोट:**

- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) की वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग (WCOL) वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर और ओसाका, जो 2019 में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थे, रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं।
- अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप के शहर 2019 के बाद से कम महंगे हो गए हैं, जबकि पश्चिमी यूरोपीय शहर महंगे हो गए हैं।

3. किस देश के साथ भारत ने जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ______ **फिनलैंड।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- समझौते पर पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और फिनलैंड की उनकी समकक्ष क्रिस्टा मिक्कोन ने हस्ताक्षर किए।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार, देश वायु एवं जल प्रदूषण की रोकथाम, अपशिष्ट प्रबंधन, निम्न कार्बन समाधान, प्राकृतिक संसाधनों के दीर्घकालिक प्रबंधन और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में अपनी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान करेंगे।
- इसके अलावा, यह तकनीकी, वैज्ञानिक और प्रबंधन क्षमताओं को विकसित करने में देशों की मदद करेगा।

**4.** कौन सा देश कोयले से बिजली उत्पन्न करने वाला पहला और संभवत: आखिरी अरब खाड़ी देश बना_______ **संयुक्त अरब अमीरात।**

**नोट:**

- इस संबंध में, कंपनी ने पहले ही जापान की कंपनी जेरा के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनी कोयले की आपूर्ति करेगी।
- संयंत्र की क्षमता प्रारंभ में 600 मेगावाट होगी, जिसे वर्ष 2023 तक बढ़ाकर 2,400 मेगावाट कर दिया जाएगा।

**5.** भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर "सार्थक सहयोग" को बढ़ावा देने के लिए किन दो देशों के साथ हिंद महासागर तिकड़ी को पुनर्जीवित किया है_______**मालदीव और श्रीलंका।**

**नोट:**

- मॉरीशस और सेशेल्स वर्चुअल माध्यम से पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल हुए।
- अतीत से स्थानांतरण में, भारत, श्रीलंका और मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने कोलंबो में उनकी व्यक्तिगत त्रिपक्षीय बैठक के बाद फैसला किया कि समुद्री सुरक्षा संवाद को व्यापक बनाया जाएगा और इसमें 'आतंकवाद', 'कट्टरपंथीकरण' 'अतिवाद', 'ड्रग्स', 'हथियार और मानव तस्करी', 'मनी लॉन्ड्रिंग' और 'साइबर सुरक्षा" को शामिल किया जाएगा, उन्होंने इन आम समस्याओं के क्षेत्रों में सहयोग का फैसला किया।
- यह पहली बार है जब NSA अजीत डोवाल ने त्रिपक्षीय वार्ता में भाग लिया क्योंकि मार्च 2014 के बाद से समूह की बैठक नहीं हुई थी।

**6.** हुआलॉन्ग वन किस देश का घरेलू निर्मित परमाणु रिएक्टर है जो हाल ही में शुरू हुआ है_______**चीन।**

**नोट:**

- यह ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के लिए पश्चिमी सहयोगियों पर कम निर्भर होने की दिशा में बीजिंग के प्रयासों की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।
- रिएक्टर, जो राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़ा था, प्रतिवर्ष 10 बिलियन किलोवाट-घंटे बिजली उत्पन्न कर सकता है और कार्बन उत्सर्जन में 8.16 मिलियन टन कटौती कर सकता है।

**7.** किस देश ने आठ देशों के शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक की मेजबानी की _______ **भारत।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने की।
- वर्ष 2017 में संगठन की पूर्ण सदस्यता हासिल करने के बाद यह पहली बार है जब भारत की अध्यक्षता में शिखर सम्मेलन स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- SCO के सदस्य देशों- रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के प्रधानमंत्री SCO बैठक में भाग लेते हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. वार्षिक संगीत कला केंद्र पुरस्कार में 2020 आदित्य विक्रम बिरला कलाशिखर पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया गया________ **नसीरुद्दीन शाह।**

   **नोट:**

   - इसके अलावा, थिएटर जगत में दो उभरते सितारे- नील चौधरी और इरावती कर्णिक को आदित्य विक्रम बिड़ला कलाकिरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'थिएटर' इस वर्ष के पुरस्कारों का केंद्रीय विषय है।
   - आदित्य विक्रम बिड़ला कलाशिखर और कलाकिरण पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1996 में संगीत कला केंद्र (SKK) द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1973 में थिएटर और प्रदर्शन कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए आदित्य विक्रम बिड़ला (आदित्य बिड़ला समूह के पूर्व अध्यक्ष) द्वारा की गई थी।

2. भारत की साहित्यिक रचनाओं में अपने योगदान के लिए वातायन आजीवन उपलब्धि पुरस्कार 2020 किन्हें मिला_______ **रमेश पोखरियाल 'निशंक'।**

   **नोट:**

   - यह पुरस्कार उन्हें लंदन, इंग्लैंड में वातयन-यूके ऑर्गनाइजेशन द्वारा प्रदान किया गया था।
   - इंग्लैंड में ब्रिटिश इंस्टीट्यूशन ग्रुप द्वारा एक वर्चुअल कार्यक्रम में वातायन-यूके सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
   - शिक्षा मंत्री के साथ प्रसिद्ध कवि और गीतकार मनोज मुंतशिर ने वातायन-यूके सम्मान समारोह में अंतर्राष्ट्रीय वातायन साहित्य पुरस्कार 2020 जीता।

3. किस वेब श्रृंखला ने 48वें इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स में बेस्ट ड्रामा सीरीज का सम्मान जीता _______**दिल्ली क्राइम।**

   **नोट:**

   - वैश्विक सुर्खियों में बने अपराध की जांच करने वाली दिल्ली पुलिस टीम के नजरिए से बताया गया कि सीरीज ने 23 वर्षीय फिजियोथेरेपी इंटर्न के मामले को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया, जिसका 16 दिसंबर 2012 की रात को चलती बस में अपहरण करके गैंगरेप किया गया और उसे दिल्ली की एक सड़क पर छोड़ दिया गया।
   - अभिनेत्री शेफाली शाह ने वर्तिका चतुर्वेदी की भूमिका निभाई, जिनका "दिल्ली क्राइम" में किरदार दिल्ली पुलिस की पूर्व डीसीपी छाया शर्मा पर आधारित था, जिन्होंने 72 घंटे के अंदर क्रूर गैंगरेप के मामले को हल कर दिया था।

4. किस टाइगर रिजर्व को 10 वर्ष के लक्ष्य के सामने चार वर्ष में बाघों की संख्या दोगुनी करने के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 'TX2' मिला________**पीलीभीत टाइगर रिजर्व।**

   **नोट:**

   - इस संदर्भ में, उप्र वन विभाग के अंतर्गत पीलीभीत टाइगर रिजर्व (PTR) ने 10 वर्ष के लक्ष्य के सामने चार वर्ष में बाघों की संख्या दोगुनी करने के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 'TX2' प्राप्त किया है। PTR में 2014 में 25 बाघ थे जो 2018 में 65 हो गए।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह पुरस्कार UNDP (संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम) के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता के प्रमुख, मिंडोरी पैक्सटन द्वारा राज्य के प्रधान मुख्य संरक्षक (वन्यजीव) सुनील पांडे को प्रदान किया गया।

**5.** उस 14 वर्षीय भारतीय छात्र का नाम बताइए, जिसने पारंपरिक चारकोल की बजाय एक स्टीम आयरन बॉक्स को ऊर्जा प्रदान करने हेतु सौर पैनलों का उपयोग करके मोबाइल आयरनिंग कार्ट डिजाइन करने के लिए 5वां चिल्ड्रन्स क्लाइमेट प्राइज 2020 जीता_________**विनीशा उमाशंकर।**

**नोट:**

- विनीशा को एक डिजिटल कार्यक्रम में स्वीडन के चिल्ड्रन क्लाइमेट फाउंडेशन की ओर से 100,000 स्वीडिश क्रोन (लगभग 8.64 लाख रुपये), डिप्लोमा और मेडल मिलेगा।
- यह चिल्ड्रेन क्लाइमेट प्राइज का पांचवां संस्करण है, जो युवा इनोवेटर्स के लिए दुनिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पुरस्कारों में से एक है।

**6.** उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसने हाल ही में बेस्ट लैटिन पॉप या अर्बन एल्बम श्रेणी में ग्रैमी अवार्ड के लिए नामांकन प्राप्त किया है________**नेहा महाजन और रिकी मार्टिन।**

**नोट:**

- रिकी मार्टिन के एल्बम पौसा (Pausa) को हाल ही में बेस्ट लैटिन पॉप या अर्बन एल्बम श्रेणी में ग्रैमी नामांकन मिला।
- सितार वादक नेहा महाजन ने गायक के साथ मी सैंग्रे (Mi Sangre) गीत पर साथ काम किया।
- गायक के एल्बम पौसा को रिकॉर्डिंग एकेडमी द्वारा नामित किया गया था।

## खेल समाचार

**1.** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने किस खेल संघ को राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) के रूप में वार्षिक मान्यता प्रदान की________ **तीरंदाजी खेल संघ।**

**नोट:**

- AAI की मान्यता मंत्रालय द्वारा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद खेल संहिता के अनुसार चुनाव कराने में विफलता के कारण 7 दिसंबर, 2012 को वापस ले ली गई थी।
- यह फैसला AAI के निष्पक्ष चुनावों और विश्व तीरंदाजी तथा भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा निलंबन रद्द करने के बाद लिया गया। मान्यता एक वर्ष के लिए वैध होगी।

**2.** 16वीं एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन (ADHM) जीतने में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड किसने बनाया__________ **अविनाश साबले।**

**नोट:**

- वह 3000 मीटर स्टीपलचेज में माहिर हैं।
- उन्होंने 1:00:30 सेकेंड में अपनी दौड़ पूरी की और 61 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले एकमात्र भारतीय बने।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- 2019 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, साबले ने टोक्यो ओलंपिक हेतु क्वालीफाई करने के लिए पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल में 8 मिनट 21.37 सेकंड का समय लिया था।

**3.** नवंबर 2020 में फीफा रैंकिंग में कौन सा देश शीर्ष पर रहा _______**बेल्जियम।**

**नोट:**

- फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) ने नवंबर 2020 हेतु अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग जारी की।
- फिर भी, शीर्ष छह स्थान रैंकिंग में अपरिवर्तित रहे। बेल्जियम शीर्ष स्थान पर बना रहा, उसके बाद फ्रांस, ब्राजील, इंग्लैंड और पुर्तगाल का स्थान है।
- मेक्सिको और इटली क्रमशः नौ और चार वर्ष बाद शीर्ष 10 में वापस आए।

**4.** हाल ही में जारी फीफा रैंकिंग में भारत की रैंक _______ **104वीं।**

**नोट:**

- फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) ने नवंबर 2020 हेतु अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग जारी की।
- फिर भी, शीर्ष छह स्थान रैंकिंग में अपरिवर्तित रहे। बेल्जियम शीर्ष स्थान पर बना रहा, उसके बाद फ्रांस, ब्राजील, इंग्लैंड और पुर्तगाल का स्थान है।
- मेक्सिको और इटली क्रमशः नौ और चार वर्ष बाद शीर्ष 10 में वापस आए।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** सिख धर्म के संस्थापक और इसके 10 गुरुओं में सबसे प्रथम गुरु नानक देव के जीवन और आदर्शों पर एक पुस्तक किसने लिखी, जिसका विमोचन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया_______**कृपाल सिंह।**

**नोट:**

- पुस्तक विमोचन के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भी उपस्थित थे।
- पुस्तक को कृपाल सिंह जी ने लिखा है, जो चंडीगढ़ से हैं।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** भारत ने किस सुपरसॉनिक मिसाइल के लैंड अटैक वर्जन का सफल परीक्षण किया_______ **ब्रह्मोस।**

**नोट:**

- मिसाइल की रेंज को 290 किमी से 400 किमी तक बढ़ाया गया है। इसकी गति बढ़ाकर 2.8 मैक कर दी गई है जो ध्वनि की गति से लगभग तीन गुनी है।
- मिसाइल को जहाज, पनडुब्बी, विमान और जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस DRDO और रूस का संयुक्त उपक्रम था।
- यह रूसी P-800 ओनिक्स क्रूज मिसाइल के आधार पर विकसित की गई थी।

**2.** रक्षा अनुसंधान विकास संगठन ने हाल ही में भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित पहले वरुणास्त्र को हरी झंडी दिखाई, यह क्या है _______ **टॉरपीडो।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- टॉरपीडो को भारतीय नौसेना की विशाखापट्टनम इकाई BDL द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया था।
- यह जहाज से लॉन्च होने वाली विद्युत प्रेरित हैवीवेट एंटी-सबमरीन टॉरपीडो है जो पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है। यह उथले और गहरे पानी दोनों परिस्थितियों में तैनात किया जा सकता है। वरुणास्त्र भारत की पहली हैवीवेट टॉरपीडो है।
- इसे पहली बार वर्ष 2016 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। टॉरपीडो का वजन 1500 किलोग्राम है। ऑपरेशनल रेंज 40 किलोमीटर है।

**3.** चेंज -5 लूनर मिशन किस देश द्वारा लॉन्च किया गया है, जो चंद्रमा पर अपने पूर्व अनन्वेषित भागों से चट्टान के नमूने वापस लाने के लिए चार दशकों में पहली जांच है _______**चीन।**

**नोट:**

- चेंज-5 चंद्रमा के विमुख फलक पर उतरने वाला पहला जांच मिशन है।
- जैसा ही चंद्रमा का परिक्रमण और परिभ्रमण काल समान होता है, इसलिए चंद्रमा का केवल एक फलक पृथ्वी से दिखाई देता है।
- चंद्रमा का दूसरा फलक आज तक अनन्वेषित है और उसे चंद्रमा का विमुख फलक कहा जाता है।
- इस मिशन का नाम चीनी चंद्र देवी के नाम पर रखा गया है।

**4.** भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) पर निगरानी बढ़ाने के लिए किस देश से दो सी गार्डियन ड्रोन लीज पर लिए हैं_________**अमेरिका।**

**नोट:**

- रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020 ने सैन्य प्लेटफार्मों को लीज़ पर देने के विकल्प पेश किए हैं।
- आवश्यकता पड़ने पर मानव रहित वायुयान को लद्दाख क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है।
- अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित हाई-टेक ड्रोन, इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु के नौसैनिक हवाई स्टेशन INS राजाली पहुंचे।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co